लीबिया में बढ़ती अराजकता

लेखक- कृष्णन श्रीनिवासन (पूर्व विदेश सचिव)

यह आलेख सामान्य अध्ययन प्रश्न पत्र-II (अंतर्राष्ट्रीय संबंध) से संबंधित है।

द हिन्दू

19 अप्रैल, 2019

"हस्तक्षेप करने वाले इराकी-लीबियाई लोग संयुक्त राष्ट्र के अनुमोदन के साथ लेकिन पश्चिम की निगरानी में, शीत युद्ध के बाद की घटना की याद दिलाते हैं।"

लीबिया की राष्ट्रीय सेना के प्रमुख जनरल खलीफा हफ्तार ने राजधानी त्रिपोली से आगे बढ़ते हुए अधिकांश तेल क्षेत्रों सहित देश के पूर्वी क्षेत्रों पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया है। 1980 के दशक में यू.एस. के निर्वासन में जाने से पहले जनरल हफ्तार ने 1969 में मुअम्मर गद्दाफी को सत्ता पर काबिज होने में मद्द की थी, लेकिन 2011 में गद्दाफी को सत्ता से हटाने के लिए वे लीबिया लौट आए थे। अब वे खुद को एक रूढ़िवादी सलाफिस्ट के रूप में इस्लामवादियों और मुस्लिम भाईयों का विरोध करते हैं और इन्हें रूस (खुले तौर पर) और फ्रांस (गुप्त रूप से) के अलावा मिस्र, सऊदी अरब और कुछ पश्चिम एशियाई देशों का समर्थन मिल रहा है।

लीबिया का पतन:-

संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त त्रिपोली के प्रशासन को राष्ट्रीय समझौते की सरकार कहा जाता है, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है, क्योंकि यह उग्रवादी इस्लामवादियों, अलगाववादियों और राजतंत्रवादियों की एक प्रेरणा पर निर्भर है, जो सभी क्षेत्रीय और जातीय रेखाओं पर विभाजित हैं। जनरल हफ्तार ने अपना आक्रामक अभियान शुरू करने से पहले ही, पश्चिम लीबिया को अंतर-मिलिशिया (सैन्य बल) लड़ाई और अपहरणों से भर दिया था।

त्रिपोली सरकार के पास कोई सुरक्षा बल नहीं है, सार्वजनिक प्रशासन मौजूद नहीं है, पानी, पेट्रोल और बिजली की कमी भरपूर है। हजारों लोग ट्यूनीशिया की ओर भाग रहे हैं और हाल की लड़ाई में अब तक 180 लोग मारे जा चुके हैं।

बंदूक का शासन लीबिया में तब से चला आ रहा है जब से पश्चिमी ताकतों ने गद्दाफी को उखाड़ फेंका है। तेल से समृद्ध देश, अब यूरोप की यात्रा करने वाले हजारों प्रवासियों के लिए एक प्रस्थान बिंदु है, जहाँ एक समय अफ्रीका के जीवन स्तर, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा के उच्चतम मानकों के साथ उच्च महिला साक्षरता और कार्यस्थल में महिलाओं का प्रतिशत काफी उच्च था। पूर्वी रेगिस्तान को हरा-भरा करने के लिए इसके अंतर्देशीय जलमार्ग को दुनिया की सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना कहा जाता था। लेकिन कुछ अरब शेखों द्वारा समर्थित पश्चिमी सशस्त्र हस्तक्षेप के बाद सब कुछ बदल गया।

बेनगाजी में गद्दाफी के खिलाफ विद्रोह शुरू हुआ और युद्ध विराम के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के प्रस्ताव द्वारा पश्चिमी

हस्तक्षेप को वैध बनाया गया था, जिसमें पाँच देशों अर्थात् भारत, रूस और चीन ने सहमती देने में परहेज किया था। इसके बाद गद्दाफी ने प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। इसके तुरंत बाद फ्रांस, यू.के और यू.एस ने गद्दाफी की सेनाओं पर हमला किया और नाटो (NATO) ने उसी समय शासन परिवर्तन के लिए जिम्मेदारी संभाली जब अफ्रीकी संघ का मिशन लीबिया की ओर था।

इराक, सीरिया और यमन के लोगों की तरह ही लीबिया त्रासदी भी व्यापक मुद्दों को दर्शाती है। द्वितीय खाड़ी युद्ध के बाद जिहादियों को सशक्त बनाने के लिए इराकी युद्धरत मिलिशिया ने इराक को शासन के अयोग्य बना दिया, अमेरिकी वापसी को अपरिहार्य बना दिया और राष्ट्र के बाल्कनीकरण (balkanisation; यह एक भूराजनीतिक शब्द है जो छोटे क्षेत्रों या राज्यों में किसी क्षेत्र या राज्य के विखंडन या विभाजन की प्रक्रिया है, जो अक्सर एक-दूसरे के साथ शत्रुतापूर्ण या असहयोगी होते हैं) को जन्म दिया।

किसी ने कोई सबक नहीं सीखा, जिसके कारण पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने यह स्वीकार किया कि उनकी सबसे बड़ी गलती गद्दाफी के तख्तापलट के बाद पश्चिमी हस्तक्षेप के बाद की तैयारी में विफलता थी। पश्चिमी इच्छाधारी सोच इस विश्वास में बनी हुई है कि लीबिया लोकतंत्र के रास्ते पर आ सकता है जो सैन्य शासन के तहत नष्ट होने के बजाय देश के ढह चुके संस्थानों को पुनर्जीवित कर सकता है।

शीतयुद्ध के बाद की घटना:-

1965 और 1981 में, संयुक्त राष्ट्र ने देशों के घरेलू मामलों में हस्तक्षेप की अयोग्यता पर घोषणाओं को अपनाया और 1990 के दशक तक संयुक्त राष्ट्र राज्य संप्रभुता का संरक्षक था। हस्तक्षेप करने वाले इराकी-लीबियाई लोग, संयुक्त राष्ट्र के अनुमोदन के साथ लेकिन पश्चिम की निगरानी में, शीत युद्ध के बाद की घटना की याद दिलाते हैं और सुरक्षा चिंताओं के साथ उदार लोकतांत्रिक संस्थानों तथा मानव अधिकारों को आरोपित करने की प्रेरणा, आमतौर पर 9/11 द्वारा न्यायसंगत है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा विशेष रूप से अधिकृत हस्तक्षेप के लिए अस्पष्ट कानूनी समर्थन, जैसे इराक में सुरक्षित ठिकानों का निर्माण, ने नकारात्मक मिसाल के बावजूद एक पैटर्न स्थापित किया है, जिसने दिखाया कि जातीय, गुट, वैचारिक और धार्मिक मुद्दों से विभाजित समाजों में राष्ट्र-निर्माण का प्रयास संयुक्त राष्ट्र के किसी भी अल्पसंख्यक समूह और एक सुपर-पावर की क्षमता से परे है।

दो कारकों ने इन नव-संरक्षकों के लिए मार्ग प्रशस्त किया; अधिकार-आधारित एजेंडा वाले कार्यकर्ता राजनीतिक मुख्यधारा में शामिल हो गए और पश्चिमी देशों की नाराजगी को कम करके दिखाया। कार्यकर्त्ताओं ने विदेशी नीति प्रतिष्ठानों को एकजुट किया और तीसरे वैश्विक अव्यवस्था ने नए ऑपरेटिंग क्षेत्रों में जनादेश के विस्तार के लिए अवसर प्रस्तुत किए।

इसके बाद राज्य संप्रभुता के प्रति 1990 की संशोधनवाद और मानवीय हस्तक्षेप की अनुमति मिली। औपनिवेशिक स्वतंत्र राज्यों के बाद संप्रभुता के प्रति सापेक्षतावाद विशेषकर तब था जब पश्चिमी हस्तक्षेप प्रकृति में चयनात्मक और राजनीतिक थे और हस्तक्षेप के शिकार लोगों में विरोध करने की शक्ति का अभाव था।

हालांकि, अनियमित ढंग से और असंगत रूप से,पश्चिमी देशों ने अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए संभावित खतरों के रूप में, तीसरी दुनिया में कई संप्रभु राज्यों को बेअसर करने का विचार किया, जो युद्ध-ग्रस्त या आंतरिक रूप से कमजोर थे।

नए संरक्षकों में राज्य-निर्माण की विफलता के कई कारण थे। नया कुलीन वर्ग कभी भी हटाये गये शासकों की तुलना में बहुत अलग या अधिक उदार नहीं था। बाहरी व्यक्तियों द्वारा नीतियों के परिणामों को न समझने के कारण और उचित कानून प्रवर्तन की अनुपस्थिति ने आपराधिकता को और मजबूत बना दिया। ऐसा इसलिए था क्योंकि हस्तक्षेप करने वाले संस्थानों की शक्ति को और मजबूत बनाने के बजाय उनकी जाँच करने में अधिक दिलचस्पी दिखा रहे थे।

लीबिया की वर्तमान स्थिति

चर्चा में क्यों?

- लीबिया में संघर्ष का माहौल जारी है और इस परिस्थिति से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र सरक्षा परिषद् ने त्रिपोली में संघर्ष विराम की मांग करने वाले मसौदे पर नए सिरे से बात शुरू की थी जिसमे वैश्विक ताकतों के बीच विभाजन है।
- परिषद् की अध्यक्षता रखने वाले जर्मनी ने त्रिपोली में संघर्ष बढ़ने के बाद तत्काल बैठक की मांग की थी।
- लीबिया में विद्रोही कमांडर खलीफा हफ्तार ने राजधानी त्रिपोली को अपने नियंत्रण में लेने के लिए दो सप्ताह पूर्व आक्रामक कार्यवाई की शुरुआत की थी।

मुख्य बिंदु

- त्रिपोली पर अभी यूएन समर्थित सरकार का नियंत्रण है।
- खलीफा हफ्तार पूर्वी लीबिया में विद्रोही प्रशासन का समर्थक है और वह त्रिपोली की सरकार को मान्यता देने से इंकार करता है।
- अफ्रीकी देश लीबिया में अचानक बिगड़े हालात की वजह से भारत ने शांति सेना में शामिल CRPF के 15 जवानों को देश वापस बुला लिया है।
- ट्यूनीशिया स्थित भारतीय दूतावास ने इसके लिये पहल की थी। गौरतलब है कि ट्यूनीशिया स्थित भारतीय दूतावास के पास ही लीबिया का भी प्रभार है।
- गौरतलब है कि लीबिया के सशस्त्र बागी नेता जनरल खलीफा हफ्तार ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस से हुई मुलाकात के बेनतीजा रहने के बाद बागी सेनाओं को राजधानी त्रिपोली की ओर कूच करने का आदेश किया।
- त्रिपोली में फिलहाल लीबिया की वैश्विक मान्यता प्राप्त सरकार काम कर रही है।

लीबिया के बारे में

- लीबिया उत्तरी अफ्रीका में ज्यादातर रेगिस्तान और तेल से समृद्ध देश है।
- 1951 में लीबिया ने स्वतंत्रता प्राप्त की। जिसके बाद तेल की खोज हुई और देश में अपार धन आने लगा।
- कर्नल गद्दाफी ने 1969 में सत्ता पर कब्जा कर लिया और चार दशकों तक शासन किया, जब तक कि 2011 में पश्चिमी सैन्य हस्तक्षेप से सहायता प्राप्त एक सशस्त्र विद्रोह के बाद उन्हें हटाया नहीं गया।
- **राजधानी:** त्रिपोली
- **जनसंख्या:** 6.4 मिलियन
- **क्षेत्रफल:** 1.77 मिलियन वर्ग किमी (685,524 वर्ग मील)
- **प्रमुख भाषा:** अरबी
- **प्रमुख धर्म:** इस्लाम
- **मुद्रा:** लीबियाई दीनार

लीबिया का भूगोल

- लीबिया उत्तर अफ्रीका मगरिब क्षेत्र का देश है। यह अफ्रीका का चौथा सबसे बड़ा देश है जिसकी ज्यादातर आबादी भूमध्यसागर के तटीय क्षेत्र में रहती है।
- देश का 90% हिस्सा रेगिस्तान से ढका है जो कि सहारा मरुस्थल का हिस्सा है। यहाँ केवल बिखरे हुए नखलिस्तानों में और उसके आसपास ही जीवन मिलता है। 685,524 वर्ग मील में फैला लीबिया भूमध्यसागर के तट पर स्थित उत्तरी अफ्रीका का देश होने के नाते इतिहास में खास अहमियत रखने वाला देश रहा।
- लीबिया से उत्तर-पश्चिम में ट्यूनिशिया, पश्चिम में अल्जीरिया, दक्षिण में नाइजर और चाड, दक्षिण पूर्व में सूडान और पूर्व में मिस्र की सीमाएं लगती हैं।
- उत्तर से लगा भूमध्य सागर लीबिया को यूरोप और बाकी दुनिया से जोड़ता है। दक्षिण और पश्चिम में बिखरे हुए पठारी इलाके हैं। देश के दो बंदरगाहों में से एक त्रिपोली राजधानी है जहाँ देश की जनसंख्या का छठा भाग रहता है।
- यह भूमध्य सागर के पश्चिम में स्थित है। वहीं पूर्व में स्थित बेंगाजी दूसरा बंदरगाह है।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद

- 1951 में लीबिया में आजादी के बाद एक स्वतंत्र राजशाही रही। 1969 में सैन्य तख्तापलट के बाद कर्नल मुअम्मर गद्दाफी ने 1969 में सत्ता हथियाई और चार दशक तक शासन किया।
- कर्नल गद्दाफी ने लीबिया का सैन्यकरण कर दिया। जनरल गद्दाफी और अमेरिका की खासी दुश्मनी रही, जो 21वीं सदी में खत्म होने लगी।
- 2011 में पश्चिमी सैन्य सहयोग से बागी विद्रोह ने उनके शासन को समाप्त किया और उन्हें मार दिया गया।

संभावित प्रश्न (प्रारंभिक परीक्षा)

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:-

1. लीबिया अफ्रीका महाद्वीप का दूसरा सबसे बड़ा देश है, जिसकी अधिकांश आबादी भूमध्यसागर के तटीय क्षेत्र में रहती है।
2. लीबिया की सीमा चाड और सूडान से नहीं लगती है।
3. बेंगाजी भूमध्यसागर के पूर्व में स्थित लीबिया का प्रमुख बन्दरगाह है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 3
(d) उपर्युक्त सभी

Q. Consider the following statements-

1. Libya is the second largest country of Africa continent, with most of its population living in the coastal area of the Mediterranean.
2. The boundary of Libya does not touch to be from Chad and Sudan.
3. Benghazi is the main port of Libya situated east of the Mediterranean Sea.

Which of the above statements is/are correct?

(a) 1 and 2
(b) Only 2
(c) 1 and 3
(d) All of the above

संभावित प्रश्न (मुख्य परीक्षा)

प्रश्न:- हाल ही में लीबिया में बढ़ते तनाव को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ को स्थिति सुधारने हेतु वैश्विक स्तर पर किस प्रकार की रणनीति अपनानी चाहिए?

(250 शब्द)

Q. Considering the recent growing tensions in Libya, which type of strategy should the United Nations adopt at global to improve the situation. **(250Words)**

GS World
Committed To Excellence

नोट : 18 अप्रैल को दिए गए प्रारंभिक परीक्षा (संभावित प्रश्न) का उत्तर 1(c), 2 (c) होगा।